हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

UMH™
आयुष्मान भव:
24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा

हम रखते हैं आपके हृदय को सुरक्षित हाथों में

NABH CERTIFIED

हृदय को हमेशा महत्वपूर्ण मेडिकल केयर की आवश्यकता होती है।
उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में उपलब्ध है।
सर्वश्रेष्ठ कॉर्डियोलॉजिस्ट व कार्डियेक सर्जन एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीम
जहां आपका हृदय सुरक्षित हाथों के बीच रहता है।


डॉ. जिनेश जैन
DM, कॉर्डियोलॉजी


डॉ. जयदीप त्रिवेदी
MCH, कार्डियक सर्जरी


डॉ. रमन कुमार
MCH, कार्डियक सर्जरी

24x7 EMERGENCY
CARDIAC COMMAND CENTER

ECMO | ANGIOGRAPHY | ANGIOPLASTY | CARDIAC SURGERY

हृदय रोगों के इलाज में अब तक 98% सफलता की उपलब्धि

सभी इंश्योरेंस कंपनी TPA, आयुष्मान कार्ड, रेलवे, BSKY, CSEB, कोल इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मान्यता

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 0771-4088820, 9589956859, 9109125524

नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### संगीत विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

रायपुर। नवरात्रि पर्व के अष्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर सियान सदन दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार को माता की भक्ति के लिए संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर के 'सा रे गा मा पा' संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार संगीत संध्या में समां बांधा। साथ ही संगीत गुरु डॉ. एनडी चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में और राहुल चक्रवर्ती के संयोजन में अनेक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति देने वाले कलाकार कुलदीप कोल्हेकर, प्रत्यक्ष निगम, सत्यम निगम, सावनी बजाज, सोमा कोरी, आयुषी लोधी, स्वस्ति धामने, रुद्राक्ष चक्रवर्ती, श्रीजा चक्रवर्ती, अनुष्का भट्टाचार्य, मिस्शका सरदार, शरण्य आदित्य, संचित आदित्य, पृथ्वी तांडी, भूमि सागर, लता महानंद आदि शामिल थे।

### मराठा युवा समाज ने किया शस्त्र पूजन



रायपुर। विजयादशमी के अवसर पर मराठा युवा समाज द्वारा अपनी पुरातन संस्कृति एवं पद्धति को आगे बढ़ाते हुए शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्रोपचार द्वारा शस्त्रों की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही अनाज से रावण की प्रतीकात्मक तस्वीर उकेर कर प्रतीकात्मक रूप से वध किया गया। यह कार्यक्रम मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में किया गया। इस मौके पर मराठा युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने विजयादशमी के दिन देवी मां भवानी को प्रसन्न कर तलवार प्राप्त की थी, तभी से मराठा अपने शत्रु पर आक्रमण की शुरुआत दशहरे से ही करते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा मराठा समाज द्वारा भी मराठा बोर्डिंग बूढ़ापारा में शस्त्र पूजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में नीरज इंग्ले, मनीष भोंसले, रजत जाधव, शिशिर सुरोषे, हिमांशु राव, रितिक राव आदि उपस्थित थे।

**स्मार्ट सिटी ने ही छह करोड़ में बनाई चौपाटी, अब उसी की बैठक में हटाने का फैसला भी**

# साइंस कॉलेज चौपाटी पर सियासी बवाल, मूणत बोले- नियम के विरुद्ध अवैध बनी, हटेगी, उपाध्याय ने कहा- हटाना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति ने साइंस कॉलेज की चौपाटी को हटाने का फैसला कर लिया है। इस फैसले के बाद अब सियासी बवाल मच गया है। इसको हटाने का विरोध होने लगा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है, गरीबों की रोजी-रोटी को छीनना गलत है। विधायक राजेश मूणत का कहना है, यह चौपाटी नियम के विरुद्ध अवैध बनी है। जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं, उस पर इसको बनाया गया है, इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है। इसीलिए चौपाटी को हटाने का फैसला सही है। पूर्व कांग्रेस की सरकार ने चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर करके इसको दे दिया। इतनी जल्दी क्या थी।

स्मार्ट सिटी द्वारा ही छह करोड़ की लागत से बनाई गई चौपटी को अब स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में हटाने का फैसला हो गया है। अब इस चौपाटी के स्थान पर



वहां पर बच्चों के लिए प्लेइंग और विद्यार्थियों के लिए ओपन रीडिंग जोन बनाया जाएगा। इस चौपाटी को हटाने का फैसला सामने आने पर इसके विरोध में अब पूर्व विधायक विकास उपाध्याय खड़े हो गए हैं।

### निगम की जमीन ही नहीं तो कैसे बना दिया : मूणत

राजेश मूणत का कहना है कि जो जमीन नगर निगम की है ही नहीं उस जमीन पर आखिर कैसे इस चौपाटी को बना दिया गया। इसके लिए एनओसी भी नहीं मिली है, उसके बाद भी यहां पर चौपाटी बनाई गई। कांग्रेस की सरकार में यहां पर यूथ हब बनाने की बातें कांग्रेसी नेता करते थे, तो मेरा उनसे सवाल है कि क्या चौपटी ही यूथ हब है। आखिर यूथ हब की परिभाषा क्या है। चौपाटी बनाने के बाद इसको विधानसभा चुनाव के पहले आनन-फानन में टेंडर निकालकर चलाने के लिए दे दिया गया। हाईकोर्ट में भी जाकर गलत जानकारी दी गई है। श्री मूणत ने कहा, हमारा मकसद किसी का रोजगार छिनना नहीं है। लेकिन जो जमीन आपकी है ही नहीं, उस पर कैसे कोई निर्माण कर सकता है। इसलिए चौपाटी को हटाने का फैसला किया गया है। हमने तो पहले भी कांग्रेस सरकार में इसका विरोध किया था और दस दिनों तक धरना दिया था।

### नहीं देंगे हटाने, करेंगे आंदोलन : उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का कहना है चौपटी को हटाने नहीं दिया जाएगा। यहां पर गरीबों की रोजी-रोटी चल रही है। आस-पास में विद्यार्थियों के कई छात्रावास हैं। यहां रहने वाले विद्यार्थी चौपाटी में खाने के लिए आते हैं। यहां की व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है। राजेश मूणत महज अपनी जिद के कारण इसको हटाना चाहते हैं। सत्ता के नशे में राजेश मूणत और बृजमोहन अग्रवाल अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भगवान इनको सद्बुद्धि दे इसके लिए हम यज्ञ करेंगे और चौपाटी को हटाने के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। श्री उपाध्याय ने कहा, भाजपा के सांसद और विधायक को रामसागर पारा और सदर बाजार का ट्रैफिक नहीं दिखता है। पूरे शहर में ट्रैफिक का बुरा हाल है। चौपाटी में तो ट्रैफिक की भी कोई समस्या नहीं है।

### व्यवस्थापन होना चाहिए : पुरंदर मिश्रा

रायपुर उत्तर के भाजपा के विधायक पुरंदर मिश्रा का कहना है कि चौपाटी को हटाना तो ठीक है, लेकिन वहां पर जिनका रोजगार चल रहा है, उनका व्यवस्थापन होना चाहिए। एक योजना बनाकर शहर के ऐसे स्थानों को एक स्थान पर करने की जरूरत है। जैसे तेलीबांधा तालाब, करबला तालाब और बूढ़ातालाब है, ऐसे स्थानों पर शहर के ठेले- खोमचे वालों को स्थान देकर बसाना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि जहां पर भी इसकी व्यवस्था की जा रही है, वह पर ट्रैफिक प्रभावित न हो।

## मुख्यमंत्री साय ने की शस्त्र पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विजयादशमी के शुभ अवसर पर अपने निवास कार्यालय में आयोजित शस्त्र पूजन में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की और मां भगवती की आराधना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्यमंत्री सुरक्षा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# भाजपा की पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे डबल सदस्यता भी बड़ा कारण

**2019 के सदस्यता अभियान के समय बन गए थे थोक में डबल सदस्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करके नए सिरे से सदस्य बनाने का अभियान प्रारंभ किया है। इस बार दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 करोड़ से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर 37 लाख सदस्य बन गए हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन को 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। पुरानी सदस्यता रद्द करने के पीछे एक बड़ा यह भी सामने आ रहा है कि जब 2019 में सदस्यता अभियान चलाया गया था, तब देशभर में सात करोड़ सदस्य बने थे। इसमें



लाखों की संख्या में ऐसे सदस्य भी शामिल हैं, जो पहले से ही भाजपा के सदस्य थे। यानी एक ही सदस्य की डबल सदस्यता हो गई थी। ऐसे में सदस्यों के सही आंकड़े भी नहीं मालूम हो रहे थे। अब नए सदस्य बनेंगे तो उनकी सदस्यता डबल नहीं होगी और सही आंकड़े भी सामने रहेंगे। भाजपा ने इस बार जब सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के बारे में विचार किया तो इसमें सबसे अहम यह बात देखी गई कि अगर पुराने सदस्यों के रहते हुए नए सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा तो फिर से 2019 की तरह डबल सदस्यता हो सकती है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि जब दिल्ली में सदस्यता अभियान को लेकर देश भर के राज्यों की बैठक हुई थी तो उसमें यह बात सामने आई थी कि 2019 में जब सदस्यता अभियान चलाया गया था तो हर राज्य में भाजपा के पुराने सदस्यों ने भी मिस्ड कॉल करके सदस्यता लेने का काम किया था। अगर फिर से पुराने सदस्यों के रहते अभियान चलाया जाता तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि फिर से थोक में पुराने सदस्य मिस्ड कॉल करके सदस्यता ले लेते।







हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- लेजर लाइट बंद, शतरंज के हाथी-घोड़े गायब, डीजे बंद, फिसलपट्टी फिसलने लायक नहीं
- नीलाभ गार्डन में सांझ ढलते ही छा जाता है अंधेरा
- बच्चों की धमाचौकड़ी और बुजुर्गों की चहलकदमी पर असर



## 18 करोड़ पानी में डूबे, अंधेरे में स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनता की जेब से टैक्स के रूप में मिले 18 करोड़ पानी में डूब गए। बूढ़ातालाब को प्रदेश का सबसे सुंदर दर्शनीय स्थल बनाने की योजना शहरवासियों को तालाब तक खींच नहीं पाई। तालाब का सौंदर्यीकरण करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम ने वर्ष 2029 में प्रथम फेज में 18 करोड़ की योजना बनाकर काम कराया। इसमें से 5 करोड़ का महंगा म्यूजिकल फाउंटेन और लोगों को लुभाने लगाई लाइटें अरसे से बंद पड़ी है। वहीं नीलाभ गार्डन के मध्य स्थित स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न प्रतिमा स्थल के आसपास की लाइटें बंद होने से प्रतिमा अंधेरे में डूबी है।

राजधानी के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण करने दो चरण में योजना बनाकर रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने करोड़ों रुपए खर्च किए, पर इसके बाद भी नीलाभ उद्यान और बूढ़ातालाब की रौनक नहीं लौटी।

### लेजर लाइट बंद, हाथी-घोड़े की आकृति गायब

तालाब सौंदर्यीकरण के समय अनुबंधित एजेंसी ने लेजर लाइट की व्यवस्था कर तालाब की भव्यता बढ़ाई। देखरेख के अभाव में एक अरसे से लेजर लाइट बंद है। बच्चों के खेलने के लिए दुर्गा मंदिर से लगे क्षेत्र में बच्चों के लिए पार्क विकसित किया गया। जहां फिसलपट्टी, आकर्षक झूले, ओपन जिम के उपकरण लगाये गये। देखरेख के अभाव में एक्सरसाइज के लिए लगाये गये ज्यादातर उपकरण खराब हो गए हैं। फिसलपट्टी बच्चों के फिसलने लायक नहीं रही। बगीचे के एंट्री पाइंट पर बच्चों के मनोरंजन के लिए उपलब्ध कराये गये शतरंज के मोहरे से हाथी, घोड़ा,ऊंट व वजीर गायब हो गए हैं। वही डीजे सिस्टम पर डांस करने वाले लाइट बंद होने के बाद केबल चोरी हो गये।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

रायपुर स्मार्ट सिटी सड़क डामरीकरण, मरम्मत के लिए करेगा टेंडर

## टाटीबंध, तेलीबांधा, डूमरतराई, लाखेनगर चौक की सड़क खराब, धूल से एलर्जी, सांस लेने में परेशानी







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के रिहाइशी इलाके समेत आउटर की सड़कों का बुरा हाल है। टाटीबंध चौक, पचपेड़ीनाका से डूमरतराई मार्ग, विज्ञान सेंटर से दलदल सिवनी मार्ग, डूमरतराई से तूता धरनास्थल मार्ग, बूढ़ेश्वर मंदिर से लाखेनगर चौक की सड़क की मरम्मत नहीं होने से लोग धूल और बजरी से परेशान हैं। जगह-जगह डामर की परत सड़क से उधड़ने से गड्ढे हो गए हैं, जिससे आने-जाने वालों को बेहद परेशानी हो रही है। भनपुरी से रावांभाठा मार्ग की हालत भी बदतर हो चली है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल से दमा, एलर्जी की शिकायत बढ़ी है, जबकि सड़क मरम्मत के लिए टेंडर होना बाकी है। नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा सड़क मरम्मत और डामरीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बारिश के बाद राजधानी सहित आउटर के वार्डों में सड़क मरम्मत नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। टाटीबंद चौक, भनपुरी, बिरगांव, दलदल सिवनी, पचपेड़ीनाका मार्ग, देवपुरी, डूंडा, बोरियाखुर्द, डूमरतराई, महादेवघाट रिंगरोड मार्ग, सरोना से टाटीबंध मार्ग, तेलीबांधा मार्ग, धनेली मार्ग, कबीर नगर, भाठागांव स्थित आईएसबीटी मार्ग में धूल के गुबार से राहगीरों सहित वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, बारिश में डामर प्लांट बंद होने से सड़क मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है। 15 अक्टूबर के बाद प्लांट खुलेगा, इसके बाद जोनवार टेंडर के अनुसार सड़कों का पेंचवर्क और डामरीकरण प्रारंभ किया जाएगा।

### महीनेभर करना होगा इंतजार, 10 करोड़ खर्च होंगे



### बूढ़ेश्वर मंदिर से लाखेनगर चौक तक जल्द होगा डामरीकरण

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सड़क चौड़ीकरण के तहत बूढ़ेश्वर मंदिर से लाखेनगर चौक मार्ग की सड़क का चौड़ीकरण और डामरीकरण कार्य किया जाना है। पहले ये सड़क 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाने खोदी गई। इसके चलते लोग धूल और गड्ढों से परेशान रहे। शहर की व्यस्त सड़क होने से ट्रैफिक का दबाव इस मार्ग पर ज्यादा रहता है। इस वजह से रात के समय डामरीकरण कार्य कराया जाएगा।

## त्वचा, आंख और फेफड़ों पर हो रहा बुरा असर रोजाना बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदलते मौसम और सड़कों पर उड़ रही धूल की वजह से त्वचा में इंफेक्शन के साथ आंख और फेफड़ों से संबंधित परेशानी बढ़ रही है। सरकारी अस्पतालों में होने वाली ओपीडी में इस तरह की शिकायत लेकर काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का मानना है कि धूल से बचने के लिए आवाजाही के दौरान चश्मे और मास्क का उपयोग करना जरूरी है।

- आवाजाही के दौरान चश्मा मास्क का उपयोग जरूरी

आंबेडकर अस्पताल के टीबी, चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके पांडा के अनुसार, उड़ने वाले धूल के कण नाक और मुंह के बहाने फेफड़े तक पहुंच जाते हैं। धीरे-धीरे इनकी वजह से सांस लेने में भी दिक्कत आने लगती है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में अक्सर ऐसे मरीज आते हैं, जिन्हें सांस लेने में परेशानी होती है। हिस्ट्री लेने के दौरान पता चलता है कि या तो वे किसी फैक्ट्री में काम करते हैं अथवा हाईवे और धूल भरे इलाकों में उनका रहना या रोजाना आवाजाही करना होता है। नेत्ररोग चिकित्सक डॉ. निधि अत्रीवाल के मुताबिक, सड़कों पर उड़ने वाली धूल आंखों के लिए हानिकारक होती है।

### उड़ रही धूल से ये दिक्कतें

1. फेफड़ों में संक्रमण, खांसी, सांस लेने में तकलीफ जैसी शिकायत।
2. आंखों में जलन, लाल होना, दर्द होना और थकान महसूस होना।
3. त्वचा का बिना कारण रंग बदलना, खुजली, अनावश्यक रूखापन आना।
4. बेवजह खांसी आना, सर्दी, बुखार जैसी शिकायत होना।

### खबर संक्षेप

#### साढ़े चार किलो गांजा जब्त, विक्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 11 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि डेरापारा रावांभाठा आरटीओ कार्यालय के पास के एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में गांजा रखा हुआ है। इस सूचना के बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी सुरेंद्र तिवारी निवासी फोकटपारा देवेंद्र नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.583 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जब्त गांजा की कीमत लगभग 85 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### टाइल्स दुकान में चोरी धरा गया आरोपी

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने टाइल्स दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। लालपुर स्थित ग्लोबल टाइल्स में 3 सितंबर की रात को अज्ञात व्यक्ति ने दुकान का ताला काटकर गल्ले में रखी नकदी, मोबाइल चोरी कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मनेंदर सिंग ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच करते हुए अभनपुर के ग्राम टोकरो निवासी तरूण मिथिलेश उर्फ छोटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 मोबाइल एवं दोपहिया वाहन जब्त किया है।

#### बहन के बेटे ने महिला से की मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मारपीट करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना 11 अक्टूबर की रात करीब साढ़े 8 बजे की है। प्रार्थिया द्रोपती बाई साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन के बेटे दुर्गेश साहू ने घर के गेट का दरवाजा लगाने की बात पर उसके साथ विवाद करते हुए गाली-गलौच तथा मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

#### सुपरवाइजर ने की बस ड्राइवर से मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी मुकेश सोनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह महेंद्र बस ट्रैवल्स की बस का चालक है। बस में खराबी आने के कारण वह बस को भाठागांव स्थित महेंद्रा बस के वर्कशॉप ले गया, जहां सुपरवाइजर गुणेश गुप्ता ने बस खराबी के लिए मुकेश को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115-2, 351-3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



## आरएसएस का रायपुर में पथ संचलन, पूर्णेंदु बोले- समाज को जागृत करने का करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर में शनिवार को 14 स्थानों पर विजयादशमी उत्सव पथ संचलन किया गया। पंडित दीनदयाल नगर में मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश के अवसर पर स्वयंसेवकों से पंच परिवर्तन विषय का अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज को जागृत करने का आग्रह किया। सभी 14 स्थानों पर पथ संचलन के बाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी बात रखी। इसी के शस्त्र पूजन का कार्यक्रम और स्वयंसेवकों द्वारा कई तरह का प्रदर्शन किया गया।

डॉ. सक्सेना ने कहा, पंच विषयों के बारे में बताया, मन कर्म वचन से ऐसा कोई भी कार्य जिससे किसी को नुकसान हो न करें। प्रदूषण ना फैलाएं। जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग करें। प्रशासन के नियमों का पालन करना जैसे यातायात नियम, कानून के नियम आदि।

### राजधानी रायपुर में 14 स्थानों पर हुआ कार्यक्रम




### साम्राज्यवादी शक्तियों को ढहाने के लिए संघ की स्थापना की : कैलाश

पुरानी बस्ती नगर में क्षेत्र प्रचार प्रमुख श्री कैलाश ने कहा, श्री हेडगेवार ने संघ की स्थापना के लिए आज के दिन को तय किया। जो साम्राज्यवादी शक्ति भारतीय जनमानस का शोषण कर रही थी, विदेशी आक्रमणकारियो के 750 वर्षो तक आक्रमण के कारण वह हमारे ऊपर हावी हो रहे थे। जिसके कारण संघ की स्थापना की गई। भारत का इतिहास सत्य का है, भारतीय समाज जो ना किसी से डरता है ना किसी को डराता है। भारत के इतिहास का स्मरण कर विजयादशमी के दिन साम्राज्यवादी शक्तियों को ढहाने के लिए संघ की स्थापना की। स्थापना के दिन का पौराणिक महत्व भी है। वर्तमान में भी उसका उतना ही महत्व है।

## विजयादशमी पर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा, हर्ष फायरिंग भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस लाइन में शनिवार को परंपरागत तरीके से शस्त्रों की पूजा की गई, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह सपरिवार शामिल हुए। इस दौरान पुलिस प्रशासन विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी, पुलिसकर्मी भी अनुष्ठान में शामिल हुए। शस्त्रों की पूजा करने के बाद जवानों द्वारा हर्ष फायरिंग की गई।



### समाज की रक्षा और सुरक्षा की प्रतिज्ञा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने पूजा कार्यक्रम के पश्चात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की हमेशा जीत होती है। इस दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने समाज की रक्षा और सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली।

## निगम कर्मचारी ने की टंकी ओवरफ्लो काली मंदिर के सामने नाली का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- शिकायत के बाद सभापति ने संबंधित कर्मचारी को हटाया



नगर निगम जोन 4 के कर्मचारी की लापरवाही से टंकी का ओवरफ्लो पानी नाली से बहता हुआ आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर के सामने घंटों बहता रहा। इससे नाराज मंदिर समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं ने इसकी शिकायत निगम आयुक्त, वार्ड के पार्षद एवं निगम सभापति प्रमोद दुबे से की। उनका ये भी आरोप है कि काली मंदिर में जब भी कोई कार्यक्रम होता है, तो निगम की पानी टंकी को संबंधित कर्मचारी जानबूझकर ओवर फ्लो कर देता है। इससे मंदिर के सामने गंदा पानी भर जाता है। सभापति प्रमोद दुबे ने शिकायत मिलने पर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को वहां से हटवा दिया है।


विजयादशमी के दिन आकशवाणी चौक स्थित काली मंदिर के सामने निगम की टंकी का ओवर फ्लो पानी नाली से होते हुए कार्यक्रम स्थल में भरने लगा। इससे आयोजन के दौरान लोगों को परेशानी हुई। मंदिर परिसर में मौजूद समिति के पदाधिकारियों ने इस पर नाराजगी जताते हुए निगम प्रशासन को लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी पर कड़ाई बरतने की मांग की। साथ ही संबंधित वार्ड के पार्षद प्रमोद दुबे से इसकी शिकायत की है। सभापति प्रमोद दुबे ने हरिभूमि को बताया कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को वहां से हटाया गया है। दोबारा ऐसी गलती न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा।

आरोपी की निशानदेही पर बच्चे का शव बरामद

## परिवार से बदला लेने तीन साल के मासूम को उतार दिया मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोपी युवक ने एक परिवार से बदला लेने के लिए 3 वर्ष के मासूम बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी। मृत बच्चा शुक्रवार को सुबह से लापता था, जिसके गुमशुदा होने की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर मृत बच्चे का शव बरामद किया।



### गला घोंटकर झाड़ियों में फेंक दिया था शव

पुलिस पूछताछ में पिंटू ने बताया कि बच्चे को घुमाने के बहाने उसे वीआईपी सिटी के पास आउटर में ले गया, जहां झाड़ियों के पास पहले उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को झाड़ियों के नीचे छिपा कर वापस खेमन के घर लौटा आया, ताकि उस पर कोई संदेह नहीं करे। पुलिस को भी पहले यही लगने लगा था कि बच्चे का अपहरण किया गया है, क्योंकि पिंटू भी दिनभर बच्चे को ढूंढने का नाटक करता रहा।


आरोपी

### एक दिन पहले हुआ था लापता

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खेमन मारकंडे ने 11 अक्टूबर को थाने में अपने 3 वर्षीय पुत्र के लापता होने की सूचना दी थी। खेमन पेशे से मजदूर है तथा मूलतः वह गिधपुरी बलौदाबाजार का निवासी है। कई महीनों से वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सड्डू क्षेत्र में रहते हुए मजदूरी का काम करता था।


रावणभाठा मैदान

## मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले का किया दहन

**डब्ल्यूआरएस मैदान में कोलकाता, मुंबई की आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र**

# श्रीराम ने रावण की नाभि पर भेदा अग्निबाण, 110 फीट का पुतला चंद मिनटों में राख, घंटेभर लगातार आतिशबाजी

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। राजधानी में सबसे बड़ा दशहरा उत्सव डब्ल्यूआरएस मैदान में आयोजित हुआ। यहां रावण का पुतला 110 फीट तथा कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले 85-85 फीट के थे। शाम ढलते ही हजारों की भीड़ मैदान पर पहुंचने लगी थी। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान का वेश धारण किए रामलीला मंडली के कलाकारों की आरती उतारी, जिसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ।



**रायपुर**। रामलीला में भगवान श्रीराम ने अहंकारी रावण का घमंड खत्म किया। श्रीराम बने कलाकार के समक्ष सभी ने शीश झुकाकर प्रणाम किया। मुख्यमंत्री ने आयोजक समिति के सदस्यों के साथ बटन दबाया और अग्निबाण सीधे रावध की नाभि पर जा लगा। देखते ही देखते 110 फीट का रावण के साथ मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले जलकर खाक हो गए। इसके बाद कोलकाता की आतिशबाजी ने रावण दहन देखने आए हजारों लोगों का मन मोह लिया। करीब एक घंटे तक हुई आतिशबाजी ने दर्शकों को बांधे रखा।


डब्ल्यूआरएस मैदान







### बारहमासी छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति

रावण दहन के बाद रावणभाठा मैदान में लोक कलाकार सुनील तिवारी ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ बारहमासी गीतों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा पर्व को लेकर छत्तीसगढ़ी गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार सुनील ने एक घंटे की प्रस्तुति में दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### रावण दहन में परिवार के साथ पहुंचे मैदान

सप्रे शाला में बूढ़ापारा दशहरा उत्सव समिति की ओर बुराई पर अच्छाई की जीत क प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ रावण दहन कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां सांसद बृजमोहन अग्रवाल व पूर्व सांसद सुनील सोनी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान रामलीला, लोक संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां हुईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। सांसद ने बटन दबाया तो रावण के साथ मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले एक साथ जल उठे।


सप्रे मैदान



### मैदान में ड्रोन से पहुंचे हनुमान जी

रावणभाठा मैदान में धूमधाम से दशहरा का पर्व मनाया गया। यहां भी 10 हजार से अधिक संख्या में भीड़ उत्सव में पहुंची थी। कार्यक्रम में ड्रोन में हनुमान भगवान और रामलीला के साथ-साथ आतिशबाजी का विशेष आकर्षण रही। यहां इस बार 60 ऊंचा रावण और 55-55 फीट का मेघनाथ और कुंभकर्ण का पुतला तैयार किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन से हनुमान भगवान के आगमन ने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया था। दूधाधारी मठ के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि दूधाधारी मठ से बालाजी की पालकी निकाली गई, जिसमें श्रीराम की सेना रावणभाठा मैदान पहुंची। यह आयोजन भक्तों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी समावेश करता है। मंडली ने रामलीला का मंचन किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व सांसद सुनील सोनी ने बटन दबाया और रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले एक साथ जल उठे। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रावण दहन के बाद आतिशबाजी के लिए जबलपुर से टीम पहुंची थी। घंटेभर तक आसमान में आतिशबाजी ने रोमांच के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### छत्तीसगढ़ नगर में 60 फीट का रावण, चौक-चौराहों में भी उत्सव

छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में 60 फीट का रावण और 35-35 फीट के कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न क्षेत्रों सप्रे शाला, टिकरापारा स्थित सरजूबांधा तालाब के किनारे, चौबे कॉलोनी, श्याम नगर, बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, लाखेनगर, आमापारा और पंडरी में भी रावण दहन हुआ। देर रात तक लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाए।

## दशहरे पर खुला 700 साल पुराना कंकाली मठ, दुर्लभ शस्त्रों का दर्शन करने उमड़े भक्त

# माता की विदाई में भक्तों की नम हुईं आंखें

शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के अनेक स्वरूपों की प्रतिमा शहर के दुर्गा पंडालों में विराजित की गई। नौ दिनों तक मातारानी की सेवा के बाद दशमी के दिन माता की मूर्ति का विसर्जन किया गया। सुबह से देर रात तक नदी, तालाबों में विसर्जन का प्रक्रिया जारी रही, जहां जय माता दी...के जयकारे लगाए गए। शहर के अनेक स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई, जो लाखेनगर, सुंदर नगर, रायपुरा चौक होते हुए महादेवघाट पहुंची। जहां घाट के किनारे जोत-जंवारा की पूजा-अर्चना के पश्चात पंडे और पुजारियों द्वारा विसर्जन किया गया।







**रायपुर**। कंकाली मंदिर में विजय दशमी के अवसर पर एक दिन के लिए कंकाली मठ भक्तों के लिए खोला गया। अस्त्र-शस्त्र पूजन के बाद भक्तों ने दिनभर दर्शन किए। मठ के भीतर हजारों साल पुराने नागा साधुओं द्वारा निर्मित कमंडल, पूजन सामग्री, त्रिशूल, तलवार समेत अनेक अस्त्र-शस्त्र हैं।

### मध्य रात्रि में किया माता का श्रृंगार

पुरानी बस्ती स्थित श्री राज राजेश्वरी माता महामाया देवी मंदिर में भी माता महामाया व माता समलेश्वरी देवी का अस्त्र-शस्त्र के साथ श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया, साल में एक बार विजयादशमी के अवसर पर अस्त्र-शस्त्र के साथ देवी माता का श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान देवी माता की प्रतिमा पर सोने का मुकुट, कुंडल, रानी हार, छत्र से श्रृंगार किया गया।



*मंदिरों में देर रात जगराता :* कुशालपुर स्थित दुर्गा मंदिर में शाम से देर रात तक भक्तों ने जसगीतों के साथ माता की आराधना की। इस दौरान जसगायक अरुण यादव ने माता के भक्ति गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जंवारा विसर्जन गीत मोरी केवल मां..,रन बन रन बन हो..,मन मोर हुलसे..., जैसे पारंपरिक देवी जसगीत के साथ नाम आंखों से माता को विदाई दी।



### बाना एवं सांग किया धारण

विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक बाना व सांग के साथ नगर आए। इस दौरान चेहरे, आंख, मुंह, हाथ व शरीर पर छोटे-छोटे बाना लगाते दिखे। साथ ही देवी जसगीत पर झूमते चल रहे थे, माता की आरती व विसर्जन के बाद मंदिरों में जाकर बाना व सांग निकाले गए।



## मानक महोत्सव आज

रायपुर। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विश्व मानक दिवस को मानक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेरीखेड़ी लभांडी स्थित एक होटल में 14 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी रायपुर शाखा कार्यालय के प्रमुख सुमित कुमार ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सरकारी विभाग, उपभोक्ता, उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**बारिश के सीजन में 3 माह तक प्राकृतिक स्त्रोतों से शहर को निःशुल्क मिलता है पानी**

# मुफ्त पानी बंद, अब गंगरेल डेम से 250 क्यूसेक पानी खरीदेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की प्यास बुझाने अब प्राकृतिक स्त्रोतों से मुफ्त में पानी मिलना बंद हो रहा है। नगर निगम सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का पानी खरीदकर लोगों की प्यास बुझाएगा। इसके लिए जल विभाग की ओर से सिंचाई विभाग को शहर वासियों की पेयजल जरूरत पूरा करने पत्र लिखा गया है। आने वाले दिनों में प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति गंगरेल डेम से होगी।

दरअसल, बारिश के सीजन में प्राकृतिक स्त्रोतों से खारुन नदी के जरिये फिल्टर प्लांट को भरपूर रॉ वाटर मिलने से नगर निगम को पानी खरीदने की नौबत नहीं आती, पर अब प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी आना बंद होने से रायपुर नगर निगम सिंचाई विभाग के साथ हुए एग्रीमेंट हिसाब से पानी आपूर्ति की डिमांड कर रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाली 15 लाख आबादी को 12 महीने पीने का साफ पानी सुगमता से मिलता रहे इसके लिए सिंचाई विभाग के साथ निगम ने एग्रीमेंट किया है। इसके हिसाब से साल में 9 महीने गंगरेल डेम से रॉ वाटर खरीदा जाता है, बाकी के 3 माह प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले रॉ वाटर का उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाता है।



### प्रतिदिन 240 एमएलएडी पानी की खपत

नगर निगम के भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट से शहर की 43 नई व पुरानी पानी टंकियों के जरिये लोगों के घरों में नलों से पानी पहुंचता है। वर्तमान में प्रतिदिन 240 एमएलडी पानी की खपत नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्डों में हो रही है। बारिश के सीजन में प्राकृतिक स्त्रोतों से रॉ वाटर नदी के माध्यम से फिल्टर प्लांट तक आसानी से उपलब्ध होने से नगर निगम को 3 माह में 4 करोड़ रुपए की बचत होती है।

# डब्ल्यूआरएस मैदान पर साउंड सिस्टम लगा रहा श्रमिक ऊंचाई से गिरा, गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम के पूर्व एक हादसे में एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी साउंड सिस्टम लगा रहा था, जिसके लिए वह ऊंचाई पर चढ़ा था। इस दौरान अचानक वह सीधे नीचे जमीन पर आ गिरा, जिससे वह बेहोश गया। हादसे के बाद उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूआरएस मैदान पर दशहरा उत्सव कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों में लोग लगे हुए थे। इस दौरान यहां साउंड सिस्टम भी लगाया जा रहा था। यह सिस्टम जमीन से 8 से 10 फीट ऊंचा है। बताया गया कि साउंड सिस्टम को ऊंचाई तक लगाने के लिए लिफ्ट की तरह चेन का उपयोग किया जाता है। इसमें एक चेन ऊपर जाने के लिए और दूसरी चेन नीचे आने के लिए रहती है। बताया गया कि परमानंद ठाकुर नामक श्रमिक साउंड सिस्टम को फिट कर रहा था। उस समय वह ऊपर काम कर रहा था। काम खत्म करने के बाद वह नीचे उतरने वाली चेन को न पकड़कर ऊपर जाने वाली चेन को पकड़कर उस पर लटक गया। इससे उसके हाथ से चेन स्लिप हो गई और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरते ही वह बेहोश गया।

इस हादसे के बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने परमानंद को होश में लाने का प्रयास भी किया, लेकिन वह होश में नहीं आया। इसके बाद उसे एंबुलेस की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।


### बिना सुरक्षा साधन के कर रहा था काम

साउंड सिस्टम लगाने के दौरान घायल हुआ परमानंद बिना सुरक्षा साधन के ऊंचाई पर चढ़ा था। बताया जा रहा है कि समिति ने साउंड सिस्टम लगाने के लिए जिसे ठेका दिया था, उसके द्वारा अपने श्रमिकों को ऊंचाई पर चढ़ने के लिए सुरक्षा के साधन उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इस दौरान परमानंद बिना सुरक्षा साधन के ऊंचाई पर चढ़ा था, जिसके कारण नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।











मोर रायपुर
मोर पुरानी (स्मार्ट) बस्ती
जीवेत शरदः शतम्
मोर रायपुर
मोर पुरानी (स्मार्ट) बस्ती
महंत लक्ष्मी नारायणदास वार्ड 43 का चहुँमुखी विकास करने वाले
पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य (अध्यक्ष, शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण न.नि. रायपुर)
13 OCTOBER
जनप्रिय जनसेवक
जितेन्द्र अग्रवाल (दाऊजी)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
स्कूल निर्माण
चिकित्सालय निर्माण
सौ साल बाद दूरी हटरी का जीर्णोद्धार
हेरिटेज वॉक का निर्माण
माई की बागय
सौ से ज्यादा मंदिरों का जीर्णोद्धार
समस्त वार्ड वासी वार्ड क्रमांक 43 एवं मित्रगण
शुभकामना फैंसी ड्रेसवाला, शुभकामना बेस्ट अवार्ड शॉप, चिन्हारी फैंसी ड्रेसेस (होलसेल) पुरानी बस्ती, रायपुर


Dr Neeraj 'S Cosmetic Krafts
LASER, LIPO, HAIR TRANSPLANT
First 100 Registration
Flat 50% Off
1st Time in RAIPUR (C.G.) The Original,
The G.O.A.T of Skin Care HAYDRAFACIAL MD ELITE
ADVANCE MACHINES FOR SATISFACTORY RESULTS
Doublo Gold HIFU
Swiss Liposurg Pal Liposuction System
Kernel 5000c Excimer Laser
Vivace MNRF
Alma Soprano Ice Titanium Laser (USFDA)
Hydrafacial Elite Machine
Fraxic Co2 Laser
Korean Nd-yag Pico Laser
SERVICES & FACILITIES
Hair Removal Reinvented
Alma Lasers
Alma Soprano Titanium World Best Diode Laser For Permanent Hair Removal (One and Only in Entire Central India)
COSMETIC KRAFTS (Surgical):
• Rhinoplasty
• Blepharoplasty
• Brow Lift
• Face & Neck Lift
• Fat Grafting
• Hymenoplasty
• Barbie Vaginoplasty
COSMETIC KRAFTS (Non Surgical):
• Chemical Peeling
• Botox, Filler,Skin Booster
• Doublo Gold HIFU (for Double Chin)
• Synergy Plus Hydrafacial
• BB Glow Therapy
• Glutathion Skin Glow Therapy
• Thread Lift
LIPO KRAFTS:
• Liposuction
• Tummy Tuck Abdominoplasty
• Arm/Thigh Lift
• Gynecomastia
• Mommy Makeover
• Daddy Makeover
BREAST KRAFTS:
• Breast Augmentation
• Breast Reduction
• Breast Lift
• Breast Reconstruction
HAIR KRAFTS:
• Hair Transplant FUE/FUT/DHT
• PRP, GFC, PRF Therapy
• Diode Laser Hair Removal
• Nido Hair Replacement
LASER KRAFTS:
• Diode LASER Hair Removal
• Nd-YAG LASER for Hollywood Facial
• LASER Toning , Melesma
• LASER Tattoo Removal
• FRAXIS CO2 LASER Facial Rejuvenation
SCAR KRAFTS:
• Scar Revision Surgery
• C02 LASER Scar Resurfacing
• Vivace MNRF for Acne Scar
• Stretch Mark Surgery/LASER
VITILIGO KRAFTS:
• Excimer Light therapy
• Narrow Band UV therapy
• Melanocyte Transfer
• Ultrathin Skin Grafting
Services
Laser Krafts
Diode Laser Hair Removal
CO2 Fractional Laser Facial Resurfacing
Laser Hollywood Facial
Laser Tattoo Removal
Lip Lightening Laser
Acne Scar Laser Treatment
Scar Krafts
Scar Revision Surgery
Strech Mark with ViVace & Fraxis CO2 laser
Acne Scar Vivace MNRF
Scar Co2 Laser Modulation
Lipo Krafts
Back Liposuction
Tummy Liposuction
Thigh Lift
Arm Lift
Tummy Tuck (Lipoabdominoplasty)
6 Pack Surgery
Gynacomastia Liposuction & Makeover Krafts
Gynecomastia Liposuction (Man Boob)
Daddy Make Over
Mommy Make Over
Breast Krafts
Breast Lift
Breast Reduction
Breast Augmentation
Cosmetic Krafts (Surgical)
Rhinoplasty
Blepharoplasty
Dimple Creation Surgery
Fat Grafting
Hymenoplasty Virginity restoration
Genital Rejuvenation
Hair Krafts
Hair Transplant
PRP, GFC, PRF
Cosmetic Krafts (Non Surgical)
Hydrafacial Elite MD
Botox
Doublo Gold HIFU Face Lift
Vivace MNRF Facial Rejuvenation
Liquid Rhinoplasty
Glutathion Skin Glow Therapy
Thread Lift
Dark Circles
Lip Fillers
B B Glow Therapy
Chemical Peeling
Vitiligo Laser & Surgery
Dr. Neeraj Pandey
(Director, Cosmetic Krafts) MBBS, DNB Plastic Surgery, IFAAS (Italy), MNAMS, Fellowship in Hair Transplant Fellowship in Liposuction and Body contouring (Personiks), Consultant, Plastic, Cosmetic & Hair Transplant Surgeon
Dr. Kshama Pandey
(Director, Cosmetic Krafts) MBBS, Fellowship in ABAM (USA), MISAM Fellowship in Aesthetic Medicine & LASER (ILAMED, Delhi) Consultant Medical Aesthetician
91791 55966 | 0771 4055966 | 47/B-6, Civil Lines, Near ICICI Bank, Ambedkar Chowk, Raipur - 492001
#Rajesh

## खबर संक्षेप

### सतगुरु किशनपुरी गोस्वामी का वर्षी महोत्सव आज से

**रायपुर।** पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित दुर्गा मंदिर (मढ़ी) में तीन दिवसीय 13 से 15 अक्टूबर तक श्रीश्री 1008 सतगुरु किशनपुरी गोस्वामी का 34वां वर्षी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत साहब अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य में होंगे। इस अवसर पर दुग्धाभिषेक के बाद सुबह 10 बजे ध्वज वंदन, आरती, भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा। यह जानकारी समाजसेवी किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि दोपहर 1 बजे आम भंडारा और भक्ति संगीत कार्यक्रम रात्रि बजे सालासर बालाजी धाम में किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 14 अक्टूबर को सालासर बालाजी धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। तीसरे दिन 15 अक्टूबर को सतगुरु किशनपुरी गोस्वामी की पालकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद महाआरती की जाएगी। सालासर बालाजी धाम में किशनगढ़ से महंत श्याम दास, भोपाल से संत तुलसीजी, इंदौर से गणेशजी, माधवदास उदासी, कमलपुरी, रीवा से संत कमलदास उदासी, संत हेमदास उदासी, जबलपुर से महेश, गोंदिया से पं. कमल शर्मा आदि शामिल होंगे।



## निधन

### हर्षल ठाकुर

**रायपुर।** अवंति विहार स्टील सिटी निवासी हर्षल ठाकुर का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश ठाकुर के पुत्र थे।



### नरसिंह गहलोत

**रायपुर।** हनुमान मंदिर बूढ़ापारा निवासी नरसिंह गहलोत का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे घनश्याम, कैलाश, नंदकिशोर के भाई एवं राकेश गहलोत के पिता थे।



### गीता देवी हरिरामानी

**रायपुर।** अवंति विहार निवासी गीता देवी हरिरामानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल हरिरामानी की पत्नी और विकास हरिरमानी की माता थीं।



### संजय कुमार भावनानी

**रायपुर।** न्यू गायत्री नगर निवासी संजय कुमार भावनानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुदेश भावनानी के भाई और अविनाश, अभिषेक भावनानी के पिता थे।



# 17 जून को आया मानसून 17 अक्टूबर तक होगा विदा, मौसम रूखा तो रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में 17 जून को दस्तक देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 अक्टूबर तक विदा हो जाएगा। मानसून के जाने के बाद मौसम में रूखापन आने से रात में ठंडकता महसूस होगी। मानसून के असर से जिले में 30 सितंबर तक 982 मिमी. और उसके बाद 12 अक्टूबर तक केवल 8.7 मिमी. बारिश हुई है। अभी दिन, रात का तापमान सामान्य से ढाई डिग्री ज्यादा होने की वजह से उमस की परेशानी बनी हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार से मानसून की विदाई शुरू हुई है, मगर पेंड्रा से लौटने के बाद उसकी गति थम गई है। माना जा रहा है कि अगले तीन से चार दिनों में इसकी वापसी प्रदेश के कई जिलों से हो जाएगी। रायपुर जिले में इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब यानी 17 जून को रायपुर पहुंचा था। जून में वर्षा सामान्य रही, मगर जुलाई में अच्छी बारिश से औसत कोटा पूरा हो गया था। अगस्त सितंबर में मानसून की सक्रियता सामान्य रही और 30 सितंबर को सीजन समाप्त होने तक यहां 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई जो औसत से कम रही।

अक्टूबर से बाद खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई और जिले में आंकड़ा 8.7 मिमी. पर ही सिमटकर रह गया। विशेषज्ञों कहना है कि दूसरे पखवाड़े में मानसून की विदाई के बाद रात के तापमान में गिरावट आएगी, जिससे उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। अभी शहर में दिन और रात की गर्मी सामान्य से ढाई डिग्री तक अधिक है। इसकी वजह से दोनों समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है।

- 30 सितंबर तक 982 मिमी., 1 से 12 अक्टूबर तक 8.7 मिमी. वर्षा
- दिन, रात का तापमान अभी ढाई डिग्री ज्यादा, उमस से परेशानी



### बीस डिग्री से नीचे जाने पर राहत

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शहर में रात का तापमान बीस डिग्री से नीचे जाएगा, तो मौसम में ठंडकता आएगी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार तीसरे और चौथे सप्ताह में पारा 17-18 डिग्री तक पहुंचता है, जिससे उमस की समस्या खत्म होती है। अभी रात का तापमान 26 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी ज्यादा है।

## सहकर्मियों से समस्याओं के बारे में खुलकर करें बात मदद लेने में न करें संकोच



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पताल में मनाए जा रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि अपनी समस्याओं के बारे में सहकर्मियों से खुलकर बात करें और किसी से मदद लेने में संकोच ना करें। लगातार दो सप्ताह तक तनाव महसूस होता है, तो चिकित्सकों की सलाह लें।

आयोजित कार्यक्रम थीम कार्य क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता था। इस दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य के नोडल डा. संजीव मेश्राम, मनोचिकित्सक अविनाश शुक्ला, शोएब, डा. निलय मोझरकर ने अस्पताल स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कार्य स्थल में रखने के तरीके बताए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने उदाहरण सहित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा की।

- जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

उन्होंने कहा कि देश में आत्महत्या की बड़ी मानसिक समस्या होती है। आर्थिक, मानसिक, सामाजिक कारणों के साथ नशे की वजह से भी लोग जीवन समाप्त करने का फैसला करते हैं। ऐसे लोगों की मदद कर उन्हें तनाव से दूर किया जा सकता है, इसलिए आसपास के लोगों से स्वभाव में होने वाले बदलाव पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में व्यवसनों की वजह से मानसिक अवसाद में घिर चुके लोगों के इलाज की जानकारी भी दी गई।

### चिकित्सकीय सेटअप, उपकरणों के लिए बजट स्वीकृत पर काम शुरू नहीं

# मोतियाबिंद सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया माना का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए माना अस्पताल को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की घोषणा की जा चुकी है, मगर काम शुरू नहीं होने की वजह से मामला मोतियाबिंद की सर्जरी से आगे नहीं बढ़ पाया है। अनपूरक बजट में चिकित्सकीय सेटअप के सात उपकरणों के लिए एक करोड़ का बजट भी स्वीकृत हुआ था, पर योजना कागजों से बाहर नहीं आ पाई है।

प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है। अभी छोटी-मोटी बीमारियों को छोड़कर आंखों की बीमारी के इलाज के लिए लेगों को निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कोविड के बाद मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए उपयोग किए जा रहे माना अस्पताल को डेढ़ सौ बेड की क्षमता वाले बड़े संस्थान के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई थी।

यहां आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी। तीन करोड़ की इस योजना के तहत पहली किश्त में एक करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। तीन माह का समय बीतने के बाद भी रीजनल आई इंस्टीट्यूट का काम आगे नहीं बढ़ पाया है और माना अस्पताल के नेत्र चिकित्सक मोतियाबिंद की सर्जरी कर अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं।

### क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की हुई थी घोषणा



### नीचे सिविल अस्पताल ऊपर आई इंस्टिट्यूट

माना अस्पताल के ऊपरी मंजिल को आई इंस्टिट्यूट में विकसित किए जाने के साथ वहां भूतल पर संचालित सिविल अस्पताल में भी सुविधाएं बढ़ाने की योजना है। वर्तमान में माना सहित आसपास के लोगों को वहां सर्दी-खांसी सहित अन्य उपचार के लिए ओपीडी, आईपीडी की सुविधा दी जाती है। योजना में दोनों का सेटअप अलग-अलग रखा गया है।

- प्रदेश में बड़े स्तर पर नेत्र संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर पर अस्पताल की आवश्यकता है
- आधुनिक तरह के उपकरण, माड्यूलर ओटी सहित विभिन्न सुविधाएं जुटाने के साथ 61 चिकित्सकीय स्टाफ के सेटअप को मंजूरी दी गई थी

### निजी अस्पतालों से दूर आयुष्मान

मोतियाबिंद सहित आंखों की कुछ अन्य बीमारियों के आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा निजी अस्पतालों में नहीं है। इसके साथ ही शासकीय अस्पतालों में नेत्र संबंधी परेशानियों के उपचार के लिए कई जरूरी उपकरण नहीं है। दोनों वजह से नेत्ररोग से पीड़ितों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें इलाज के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

## रतन टाटा को चैंबर ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने चैंबर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत के महानायक का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने सफल उद्योगपति होने के साथ समाजसेवक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- समाज सेवा और उद्योग के क्षेत्र में किये कार्यो को किया याद

### पुलिस ने नशारूपी राक्षस पुतले का किया दहन

**रायपुर।** विजयादशमी के अवसर पर रायपुर पुलिस ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में रावण की जगह नशारूपी राक्षस के पुतला दहन किया। पुलिस जिले में निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अब दशहरा पर्व पर सिविल लाइंस क्षेत्र में छोटा मरीन ड्राइव के पास, खम्हारडीह सहित अनेकों जगहों पर नशारूपी राक्षस पुतला जलाया।



## कर्मचारी संगठनों के ऐलान के बाद जागा सामान्य प्रशासन विभाग, बुलाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्तों की एरियर्स राशि, चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश नकदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिए जाने की मांग को लेकर अधिकारी कर्मचारी बेमुद्दत हड़ताल की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने इसकी रणनीति बनाने 20 अक्टबर को संगठनों की बैठक बुलाई है। इधर जीएडी ने 15 अक्टूबर को संगठनों की यह बैठक प्रमुख सचिव निहारिका सिंह की अध्यक्षता में बुलाई है।

- अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर बना रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल की रूपरेखा

बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया शुरू करने और निराकरण का रास्ता निकालने पर चर्चा होगी। बैठक के लिए जीएडी ने प्रदेश अधिकारी संघ, प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधि बुलाए गए हैं। बैठक मंगलवार को दोपहर 3 बजे से समिति कक्ष में होगी। भाजपा सरकार ने कुछ माह पहले ही कमेटी का गठन किया था। यह बैठक पहली होगी। बताया जाता है कि कर्मचारियों के मामले मे भाजपा सरकार ने जो समिति बनाई है, उसमें प्रमुख्य सचिव विधि विधायी, सचिव जीएडी और सचिव वित्त को शामिल किया है। कर्मचारियों के मामलों में उनसे चर्चा कर सरकार हल निकालने की पहल करने समिति का गठन किया है।




### जनवरी से लंबित डीए

इसके पूर्व कर्मचारी संगठनों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए कई बार क्रमिक आंदोलन किया। आंदोलन के बाद भी उनको जनवरी में दिया जाने वाले महंगाई भत्ते का आदेश नहीं हो पाया। कर्मचारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय मोदी ने जो गरंटी दी थी, उसमें भी ये बिंदु शामिल हैं, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिए जाने से कर्मचारी संगठन खफा हैं। अब वे दीपावली के समय इसकी घोघणा करने सरकार पर दबाव बनाने 20 अक्टूबर को हड़ताल पर जाने का प्लान बनाया है।

## पहली बार पॉवर कंपनी कोरबा में लगाएगी 30 मेगावाट का सोलर प्लांट

- पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कई बड़ी योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। अब कोरबा पूर्व में बंद हुए राखड़ बांध की खाली जमीन पर 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने का डीपीआर तैयार किया गया है। इसको प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसी के साथ अन्य योजनाओं में अब मड़वा में 660 मेगावाट की भी नई योजना की तैयारी है।

- कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है

कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार पहले ही दे चुकी है। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। कुल मिलाकर नई योजनाओं के माध्यम से करीब 14 हजार मेगावाट उत्पादन बढ़ाने की तैयारी है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी तैयारी कर रही है। इसी के साथ कोरबा पूर्व में 30 मेगावाट का सोलर प्लांट लगेगा। इस पर करीब 150 करोड़ खर्च होगा।



### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब आठ साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था। आज की स्थिति में जहां अपना उत्पादन 2980 मेगावाट है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से करीब साढ़े तीन हजार मेगावाट का शेयर मिलता है। ऐसे में राज्य में बिजली छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो जाती है।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। क्षमता इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

## प्रेस क्लब में मेगा स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे हार्ट संबंधित जानकारी देने की लिए एसएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट एंड आईवीएफ रिसर्च सेंटर रायपुर के डायरेक्टर और कार्डियोलोजिस्ट डॉ. सतीश सूर्यवंशी (एमबीबीएस, एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी) उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने देते हुए बताया कि डॉ. सूर्यवंशी फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट सेंटर रायपुर के पूर्व एडिशनल डायरेक्टर और प्रिंसिपल रह चुके हैं। इस शिविर में पत्रकार और उनके परिजन अपने स्वास्थ्य का जांच करा सकते हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### धनश्री ज्वेलर्स ने मनाई 34वीं वर्षगांठ पेश किया ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन



**रायपुर।** सदरबाजार स्थित धनश्री ज्वेलर्स की 34वीं वर्षगांठ विजयादशमी के दिन बड़े धूमधाम से मनाई गई। शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर ओमप्रकाश सोनी और डायरेक्टर योगेश सोनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1991 में स्व. लक्ष्मीनारायण सोनी के मार्गदर्शन में इस प्रतिष्ठान की स्थापना की गई थी। उन्होंने ग्राहकों के विश्वास को अपनी सफलता का आधार बताया और कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों और विवाह के सीजन को देखते हुए धनश्री ज्वेलर्स ने विशेष स्वर्ण, डायमंड्स और सिल्वर ज्वेलरी का कलेक्शन पेश किया है, जो समृद्धि और संस्कृति को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा ब्राइडल ज्वेलरी का लेटेस्ट कलेक्शन भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जिसमें हर अवसर के लिए विविधता मौजूद है। धनश्री ज्वेलर्स में ग्राहक न केवल मनचाही डिजाइन का चयन कर सकते हैं, बल्कि उत्तम सेवा का भी अनुभव कर सकते हैं।

### पूजा मोबाइल स्टोर की नई ब्रांच का भव्य शुभारंभ सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स उपलब्ध

**रायपुर।** संतोषी नगर तरूण मार्केट के पास स्थित पूजा मोबाइल स्टोर्स के दूसरे शोरूम का दशहरा के दिन शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संचालक अंकित गुप्ता ने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्यार और समर्थन के कारण ही यह विस्तार संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नवीनतम तकनीक और उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस नए शोरूम के उद्घाटन से स्थानीय निवासियों को अच्छी क्वालिटी वाले इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स का लाभ मिल सकेगा। नए शोरूम में ग्राहकों को स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन, स्पीकर और ईयर बड्स जैसे सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स किफायती दामों पर उपलब्ध होंगे। साथ ही शोरूम पर फाइनेंस और एक्सचेंज की सुविधा भी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को और अधिक लाभ देगी।

